**मुख्य समाचार :–**

- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सभी संबंधित विभागों को अपने–अपने प्राथमिक क्षेत्रों में विनियमन मुक्ति से संबंधित आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।
- चमोली जिले के कोषागार से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनर्स को अब एक क्लिक से विभाग की सभी जानकारी मिलेगी।
- पौड़ी जिला प्रशासन ने शीतलहर, पाला और बर्फबारी से लोगों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए व्यापक तैयारियां शुरू की।
- देहरादून में ''कोड ऑफ एथिक्स एवं आचरण संहिता'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सभी संबंधित विभागों को अपने–अपने प्राथमिक क्षेत्रों में डीरेगुलेशन यानी विनियमन मुक्ति से संबंधित आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जिन बिंदुओं पर विभागीय स्तर पर विनियमन मुक्ति की कार्रवाई पूरी हो सकती है, उसका नोटिफिकेशन जारी करें तथा जिन प्रकरणों को कैबिनेट स्तर से संशोधित किया जाना है उसका विवरण तैयार करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को प्रेषित किए जाने वाले विवरण को भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने विनियमन मुक्ति की प्रक्रिया में लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि राज्य में व्यवसाय और उद्योगों को और अधिक बढ़ावा मिल सके। गौरतलब है कि विनियमन मुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत सरकारी नियमों और नियंत्रण को सीमित किया जाता है। एकल खिड़की प्रणाली जैसी पहल के माध्यम से प्रतिस्पर्धा, दक्षता और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि अर्थव्यवस्था में निवेश में तेजी आए तथा व्यापार करने में अधिक सरलता हो।

**कोशागार क्यू आर कोड**

चमोली जिले के कोषागार से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनर्स को अब एक क्लिक से विभाग की सभी जानकारी सुगमता से मिलेगी। कोषागार की ओर से इस सुविधा के लिए क्यूआर कोड तैयार किया गया है, जिसे स्कैन करते ही कोषागार की कार्य प्रणाली, शासना देश और अन्य सभी जानकारियां मिल जाएंगी। मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने बताया कि क्यूआर कोड से जहां अधिकारियों को विभागीय आय व्यय की प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी मिल सकेगी, वहीं बिलों के भुगतान, पेंशन आवेदन में आवश्यक दस्तावेजों की भी जानकारी आसानी से मिल सकेंगी। इसके अलावा पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण पत्र के ऑनलाइन आवेदन के साथ ही पेंशन संबंधी किसी भी समस्या के निराकरण की जानकारी भी क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन प्राप्त की जा सकेगी। इसके साथ ही वेबसाइट पर गोल्डन कार्ड, एसजीएचएस और एनपीएस संबंधी सभी जानकारियां आसानी से घर बैठे मिल सकेंगी। विभाग की ओर से सेवा का अधिकार और सूचना का अधिकार की जानकारी भी भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

**भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव**

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 56वां संस्करण कल से शुरू होकर 28 नवंबर तक गोवा के पणजी में आयोजित होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि शानदार फिल्मों के इस महोत्सव में पहली बार गोवा की सांस्कृतिक झलक को दर्शाती हुई एक भव्य परेड का आयोजन किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

**बैठक**

धर्मनगरी हरिद्वार को साफ–सुथरा और मॉडल जिला बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि हरिद्वार उत्तराखंड का प्रवेश द्वार है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां गंगा स्नान और चारधाम दर्शन के लिए पहुंचते हैं, इसलिए यहां की स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने–अपने क्षेत्रों में स्वयं धरातल पर उतरकर साफ–सफाई की नियमित निगरानी करें। उन्होंने जिले के सभी प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण करने, फुलवारी और पौधारोपण लगाने और आवश्यकता होने पर धनराशि के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा। साथ ही नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, जिला पंचायत और खंड विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर तुरंत बैठक कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

**ठंड तैयारियां**

पौड़ी जिला प्रशासन ने शीतलहर, पाला और बर्फबारी से लोगों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाला गिरने से दुर्घटनाओं की सम्भावना और बर्फबारी के दौरान मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिले की सभी तहसीलों और नगर निकायों को असहाय व बेसहारा व्यक्तियों के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने तथा निःशुल्क कंबल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इस संबंध में दैनिक जानकारी जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को भेजने को कहा है। जिलाधिकारी ने नगर निकाय क्षेत्रों में स्थायी और अस्थायी रैन बसेरों में पेयजल, बिजली, बिस्तर, शौचालय और सफाई की संपूर्ण व्यवस्था रखने के साथ ही प्रत्येक निकाय को नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनकी जानकारी नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से खाद्यान्न और ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यशाला**

'ऑडिट दिवस' समारोहों की श्रृंखला के अंतर्गत देहरादून स्थित महालेखाकार, लेखा परीक्षा, कार्यालय में ''कोड ऑफ एथिक्स एवं आचरण संहिता'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। ''कोड ऑफ एथिक्स'' प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में कार्य करता है, जो उनकी व्यावसायिक प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाता है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ उप महालेखाकार लोकेश दताल ने कहा कि किसी भी संगठन की सच्ची पहचान उसकी कार्यनिष्ठा, निष्पक्षता और पारदर्शिता पर आधारित आचरण से होती है। उन्होंने ऑडिट सेवाओं में नैतिक मूल्यों, स्वतंत्रता, निःस्वार्थता और प्रलोभन–मुक्त कार्य संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उपमहालेखाकार मुकेश कुमार ने संस्थान के ध्येयवाक्य 'लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा' के विभिन्न आयामों पर बात की। साथ ही नैतिक द्वंद्वों के समाधान, संस्थागत स्वतंत्रता के संरक्षण और सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी प्रबंधन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अनेक व्यवहारिक प्रश्नों व सुझावों को साझा किया।

**स्काउट गाइड प्रशिक्षण**

बागेश्वर के विक्टर मोहन जोशी इंटर कॉलेज में स्काउट–गाइड का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। शिविर में जिलेभर के 95 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को स्काउट–गाइड से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों जैसे– रस्सी बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, टेंट लगाना, मीनार बनाना, तालियों के प्रकार, टीमवर्क और आपदा जैसी स्थितियों में उपयोगी कौशलों की जानकारी दी जा रही है। मास्टर स्काउट प्रताप मेहरा ने कहा कि स्काउट– गाइड प्रशिक्षण बच्चों में आत्मनिर्भरता, साहस और सेवा की भावना विकसित करता है। गाइड मास्टर सोनिया चंद्रा ने कहा कि इस तरह के शिविर बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत बनाते हैं।